ACHIEVING NEW HEIGHTS

**Lords Chloro Alkali Limited**
A-281, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi-110 024
Phones :+91-11-40239034/35/36/37/38
E-mail : contact@lordschloro.com
Web : www.lordschloro.com

**Date: 29/08/2025**

| | |
|---|---|
| **To,**<br>**The General Manager,**<br>**Department of Corporate Services,**<br>**BSE Limited,**<br>**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**<br>**Dalal Street, Mumbai – 400 001** | **To,**<br>**Listing Department,**<br>**National Stock Exchange of India Limited,**<br>**Exchange plaza,**<br>**Bandra-Kurla Complex, Bandra (E),**<br>**Mumbai – 400051** |
| **Scrip Code: 500284** | **Scrip Code: LORDSCHLO** |

**Sub: Newspaper advertisement as per Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations. 2015.**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing herewith the copies of the newspapers advertisement published in the English and Hindi regarding the notice of the 46th Annual General Meeting of the Company, Information on remote e-voting and Book closure.

Kindly take the above into your records.

**Thanking You.**

**Yours faithfully,**

**For Lords Chloro Alkali Limited**

PANKAJ MISHRA
Digitally signed by PANKAJ MISHRA
Date: 2025.08.29 13:02:28 +05'30'

Pankaj Mishra
Company Secretary and Compliance Officer

# खनिजों के विशाल ढ़ेरों में तलाशेंगे बेसकीमती खनिज, पुनर्चक्रिकरण तकनीक से व्यावसायिक उत्पादन की दिशा में बढेंगे कदम : टी. रविकान्त

■ लोकमत, जयपुर

खान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने कहा है कि प्रदेश में खनिजों के विशाल ढ़ेरों (ह्यूज डम्प्स ऑफ मिनरल्स) में बेसकीमती क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक खनिजों की संभावनाओं को तलाश कर पुनर्चक्रिकरण तकनीक से डम्प्स में उपलब्ध खनिज संपदा के व्यावसायिक उत्पादन की दिषा में आगे बड़ा जाएगा। प्रदेश में खनन क्षेत्रों में खनिज डम्प्स के विशाल ढ़ेर उपलब्ध है। आईआईटी हैदराबाद और आईआईटी धनवाद से समन्वय बनाते हुए डम्प्स में एसोसिएटेड मिनरल्स के डिपोजिट्स का अध्ययन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मिनरल एक्सप्लोरेशन में एआईएमएल तकनीक का उपयोग करते हुए जीरो लॉस जीरो डिफेक्ट एक्सप्लोरेशन पर पायलट प्रोजेक्ट के आधार पर कार्य आरंभ कर दिया गया है। राजस्थान खनिजों का म्यूजियम होने के कारण खनिज सेक्टर में विपुल संभावनाएं हैं।

प्रमुख सचिव टी. रविकान्त गुरुवार को जयपुर में मैरियट होटल में आयोजित ईटी बिजनस समिट में अनलिजिंग राजस्थान्स मिनरल वेल्थ: पाथवेज फार सस्टेनेबल माइनिंग, स्टोन एण्ड सीमेंट इण्डस्ट्रीज विषय पर की नोट संबोधन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा निवेशोन्मुखी खनिज नीति, एम सेंड पालिसी और सीजीडी पालिसी जारी करने के साथ ही प्रक्रिया के सरलीकरण करने का ही परिणाम है कि राज्य में माइनिंग



सेक्टर में निवेशक आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व खान मंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व व मार्गदर्शन में राजस्थान सरकार आत्मनिर्भर भारत की दिशा में रोड़मेप बनाकर आगे बढ़ रही है। सीजीडी नीति जारी करने के साथ ही साढ़े चार लाख परिवारों तक पाइपलाइन से गैस की उपलब्धता को 2030 तक 80 लाख तक पहुंचाने के लिए समयवद्ध अनुमतियां जारी करने और आधारभूत संरचना विकसित करने को आसान बनाया गया है। पेट्रोलियम और गैस के क्षेत्र में गिरते उत्पादन को देखते हुए नई तकनीक से उत्पादन बढ़ाने के प्रयास जारी कर दिये हैं वहीं तीन चार माह में रिफाइनरी के शुरु कराने के प्रयास के साथ ही रीको द्वारा पेट्रोजोन विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अब खनिज आधारित प्रसंस्करण उद्योग प्रदेश में ही स्थापित कराने पर जोर दे रही है वहीं प्रदेश में नवीनतम तकनीक और वैज्ञानिक तरीके से सस्टेनेबल माइनिंग पर बल दे रही है।

श्री रविकान्त ने कहा कि राजस्थान में 82 प्रकार के खनिज है और अभी केवल 58 प्रकार के खनिजों का ही खनन हो रहा है। ऐसे में अन्य खनिजों के खनन की संभावनाओं को तलाशने और प्रदेश में उपलब्ध खनिजों के एक्सप्लोरेशन के गंभीर प्रयास किया जाना आवष्यक है और इसीलिए रोडमेप बनाकर खनिज खोज कार्य में तेजी लाई जा रही है और सरकार खनन के सभी क्षेत्रों में योजनावद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है। मेजर मिनरल्स के ऑक्शन में राजस्थान पहले पायदान पर आ गया है।

पैनल डिस्कशन के दौरान एमईसीएल के सीएमडी इन्द्र देव नारायण, आईबीएम के क्षेत्रीय निदेशक श्री चन्द्रेष बोहरा, बिरला कारपोरेशन के मुख्यकार्यकारी संदीप घोष और स्टार सीमेंट के कार्यकारी निदेशक श्री पंकज केजरीवाल ने भी सस्टेनेबल माइनिंग पर राजस्थान के संदर्भ में विचार रखें। हिमांशी तिवारी ने मॉडरेट किया।

# गीतांजली अस्पताल, जयपुर में दुर्लभ जन्मजात बीमारी का सफलतापूर्वक ऑपरेशन

■ लोकमत, जयपुर



गीतांजली अस्पताल,जयपुर में डॉक्टरों की टीम ने एक बेहद जटिल और दुर्लभ सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस ऑपरेशन से जन्म से ही मूत्र संबंधी समस्या से जूझ रही एक 13 वर्ष की बच्ची को नई ज़िंदगी मिली है। बच्ची को जन्म से ही लगातार पेशाब का रिसाव हो रहा था। कई साल तक इलाज कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया। जांच में पता चला कि उसके जन्म से एक ही गुर्दा (किडनी) है। जन्मजात वेज़िकोवैजाइनल फिस्टुला नामक दुर्लभ बीमारी है, जिसके मामले पूरी दुनिया में भी बहुत कम सामने आते हैं।

गीतांजली अस्पताल, जयपुर के विशेषज्ञों ने तीन घंटे चले इस ऑपरेशन को बिना किसी चीरे के योनि मार्ग से किया गया। ऑपरेशन में मूत्राशय और योनि की दीवार की मरम्मत की गई। सर्जरी के बाद बच्ची अब पूरी तरह स्थिर है और सामान्य जीवन की ओर बढ़ रही है।

मुख्य सर्जन डॉ. नरेश गर्ग असिस्टेंट प्रोफेसर (मूत्र एवं गुर्दा रोग विशेषयज्ञ), यूरोलॉजिस्ट ने बताया, 'यह मामला अत्यन्त चुनौतीपूर्ण था, परंतु टीमवर्क (डॉ कुमार असनानी प्रोफेसर, डॉ अंकिता चौधरी सहायक प्रोफेसर एनेस्थीसिया, बाबूलाल बुडानिया ओ टी स्क्रब स्टाफ, बनवारी मीणा स्क्रब स्टाफ, पिंटो गोला टेक्निशियन) और आधुनिक तकनीक की मदद से ऑपरेशन सफल रहा।

अस्पताल प्रशासन ने डॉक्टरों की टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह सफलता उन परिवारों के लिए आशा की किरण है, जो इस प्रकार के दुर्लभ बीमारियों से जूझ रहे हैं।

## ध्वजारोहण मंगल कलश स्थापना से दशलक्षण महापर्व का शुभारम्भ

■ लोकमत, हनुमानगढ़

श्री 1008 भगवान महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर डीडवाना रोड पर जैनधर्म के महापर्व पर्युषण पर्व दशलक्षण महोत्सव का आज प्रथम दिवस उतम क्षमा धर्म से शुभारम्भ पर झंडारोहन कान्ता देवी, नवीन कुमार ,अनिल काला परिवार प्रेमपुरा मंगल कलश स्थापना लालचंद कमल कुमार पकंज पहाडिया परिवार के साथ पण्डित सुमति कुमारजी जैन इन्दोर के सानिध्य मे सुबह 6/30 बजे 81 श्रावको ने कलशाभिषेक किया व भगवान आदिनाथ कि शान्ति धारा करने का सोभाग्य तेजकुमार पंकज कुमार बडजात्या परिवार, सुरेशकुमार संदीप कुमार पाडंया परिवार, सुभाष चन्द हितेशकुमार पाटोदी परिवार व भगवान शान्तिनाथ कि शान्ति धारा ज्ञानचन्द अनुभव गोधा परिवार व मदनलाल मनोज कुमार छाबडा परिवार धुबडी आसाम को मिला। सचिव मुकेश काला के अनुसार गायक कलाकार दिनेश जैन ने देव शास्त्र गुरु पुजा, सिद्ध पुजा, पचमेरु पुजा, सोलहकारण पुजा, दशलक्षण पुजा दशलक्षण विधान पुजन भक्ति भाव से कराकर सबको प्रभु भक्ति करने हेतु विवश किया। अध्यक्ष लालचन्द पहाडिया के बताया कि दोपहर 2 बजे पण्डित सुमति कुमार जी द्वारा तत्वार्थ सूत्र का वाचन सायकाल : 7 बजे आरती रात्रि 7/45 सामायिक पाठ 8/30 उत्तम क्षमाधर्म पर प्रवचन 9 बजे सास्कृतिक कार्यक्रम सभी श्रावक श्राविकाओ के साथ युवाओ ने सभी आयोजनो मे बढ चढकर भाग लिया।

## शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी का जोधपुर दौरा

# किसानों की आय बढाने के लिए मार्केट इंटिलिजेंस को अपनाने की आवश्यकताः शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी

■ लोकमत, जयपुर

शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने गुरूवार को जोधपुर में भारत सरकार द्वारा निर्मित मसाला पार्क, रामपुरा, मथानियॉ, कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंस्थान संस्थान (काजरी) और अतुल राजस्थान डवलपमेन्ट परियोजना, चौपासनी, जोधपुर में टिश्यूकल्चर के माध्यम से फसल खजूर के पौधे तैयार करने की प्रयोगशाला का अवलोकन किया। शासन सचिव द्वारा मसाला पार्क मथानियां के विकास एवं कार्ययोजना की जानकारी ली गई तथा मसाला केन्द्र को और अधिक उपयोगी बनाने के निर्देश दिए। मसाला पार्क में शासन सचिव ने राज्य सरकार की कृषि नीति, कृषि प्रसंस्करण प्रोत्साहन एवं निर्यात नीति के तहत अनुदानित इकाईयों का निरीक्षण किया तथा इकाईयों से निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित मेगा फूड पार्क मथानियाँ को विकसित करने और भविष्य की कार्ययोजना बनाने के लिए आवंटित 300 बीघा भूमि का अवलोकन किया। राजन विशाल ने कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के भ्रमण के दौरान कहा कि जब तक उन्नत व आधुनिक कृषि तकनिके किसानों के खेतो तक नही पहुचेगी और किसान लाभन्वित नही होंगे तब तक कृषि वैज्ञानिकों के अनुसंधान एवं नवीन कृषि तकनिकों का कोई फायदा नही होगा। उन्होंने कहा कि नई कृषि तकनिक ईजाद करने में सफलता तब है जब वो किसानों की आय बढानें मे कारगर हो। उन्होंने आय को बढाने के लिए मार्केट इंटिलिजेंस को अपनाने के साथ - साथ कृषि वैज्ञानिको को पेटेंट बढाने का सुझाव भी दिया। उन्होंने केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी) में चल रहे शोध कार्यो व किसानों के लिए तैयार की जा रही फसलों के बारे में जानकारी ली। इसके पश्चात पौधशाला, क्रॉप कैफेटेरिया, सौर ऊर्जा प्रांगण, कृषि वोल्टीय प्रणाली एवं उद्यानिकी क्षेत्र का भ्रमण किया और उद्यानिकी से संबन्धित बेर, आंवला, अनार, खजूर (एडीपी 1) के बारे में जानकारी ली।

काजरी में चर्चा के दौरान खाद्य तिलहन फसलों जैसे तिल ,अरंडी ,मूंगफली आदि के गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन को बढ़ाकर सीड हब स्थापित कर राष्ट्रीय खाद्य तिलहन मिशन अंतर्गत कृषि विभाग को बीज किसानों को वितरण हेतु उपलब्ध करवाने तथा संस्थान पर किए गए अनुसंधान को कृषि विभाग के साथ समन्वय कर अधिक से अधिक किसानों के खेतो तक ले जाकर कृषि विकास में योगदान के निर्देश दिए। शासन सचिव ने अतुल राजस्थान डवलपमेन्ट परियोजना, चौपासनी, जोधपुर में टिश्यूकल्चर के माध्यम से खजूर के पौधे तैयार करने की प्रयोगशाला का निरीक्षण किया तथा प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों कों निर्देशित किया कि प्रयोगशाला की पूर्ण क्षमता का उपयोग कर अच्छी गुणवत्ता के पौधे तैयार करके किसानों को उपलब्ध करायें। इसके बाद काजरी संस्थान में अन्य कार्यों के अलावा खजूर की तैयार की गई नई किस्म के बगीचे का अवलोकन किया और इस किस्म को आगामी जर्क की बैठक मे कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विस्तार अधिकारियों के साथ चर्चा करके इस किस्म के नोटिफिकेशन बाबत आवश्यक कार्यवाही करवाने बाबत सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये। किसानों को अधिक से अधिक क्षेत्र मे खजूर उत्पादन करने हेतु प्रोत्साहित करने और इसके संबंध मे उनको आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए विभागिय अधिकारियों से कहा।

## इलाइट शूटिंग अकैडमी ने लहराया परचम, अदिति ने गोल्ड एव अभिषेक ने जीता सिल्वर

■ लोकमत, चौमूं




शहर के जयपुर रोड अमन टावर स्थित इलाइट शूटिंग अकैडमी के शूटर अदिति गरेड़ एव अभिषेक चौधरी ने हाल ही में आयोजित 23 वी राजस्थान स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2025 में क्रमशः गोल्ड एव सिल्वर मेडल जीतकर चौमू क्षेत्र का नाम गोरान्वित किया है।अकैडमी के कोच सचिन यादव ने बताया कि राज्य स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में सीनियर कैटेगरी में अदिति ने गोल्ड एव अभिषेक ने सिल्वर मेडल अर्जित किया है इनकी इस उपलब्धि का श्रेय इनकी कड़ी मेहनत व नियमित प्रैक्टिस एव हमारी देखरेख का परिणाम है। अकैडमी के अन्य खिलाड़ियों ने भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, राज. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड-बारां**

राजकाज क्रमांक :- 17421074 दिनांक :- 27/08/2025

**बिड आमंत्रण सूचना सं. 05/2025-26**

खण्ड–बारां के अन्तर्गत जिला बारां एवं झालावाड़ में निर्माण एवं मरम्मत कार्यो हेतु ऑन–लाईन बिड ई–प्रोक्यूरमेन्ट (**www.eproc.rajasthan.gov.in**) के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से क्र.सं. 1 पर अंतिम कार्य की निविदा दिनांक 23.09.2025 तक एवं क्र.सं. 2 व 3 पर अंतिम कार्य की निविदा दिनांक 12.09.2025 तक आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट **www.agriculture.rajasthan.gov.in** एवं **www.sppp.raj.nic.in (UBN No. AGM2526WSOB00519 to 521)** पर भी देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/25/8926 **अधिशाषी अभियन्ता**

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की बड़ी कार्रवाई

## 14 हजार रुपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 5 केन्टर सामान जब्त

■ लोकमत, जयपुर

नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता श्री अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करते हुये कैलाश टॉवर टोंक रोड , आई.बी.एस. हॉस्पिटल , डिग्गी रोड , खटीकों की डाल , नारायण हॉस्पिटल के सामने , 7 नं. चौराहा , एस.आई के द्वारा कैरिंग चार्ज , वार्ड नं. 117 जगतपुरा , यूनिवर्सिटी रोड बापू नगर , चौमू पुलिया , सीकर रोड , मुरलीपुरा 1 नं. रोड , निवारू रोड , 200 फिट बाईपास पुलिया के पास आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 14 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 5 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर कार्यवाही करते हुये कैलाश टॉवर टोंक रोड , आई.बी.एस. हॉस्पिटल , डिग्गी रोड , खटीकों की डाल , नारायण हॉस्पिटल के सामने, 7 नं. चौराहा , एस.आई के द्वारा कैरिंग चार्ज , वार्ड नं. 117 जगतपुरा , यूनिवर्सिटी रोड बापू नगर, चौमू पुलिया , सीकर रोड , मुरलीपुरा 1 नं. रोड , निवारू रोड , 200 फिट बाईपास पुलिया के पास आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 5 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 14 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# दवा इंडिया का पहला प्रेस कॉन्फ्रेंस जयपुर में, राजस्थान में दर्ज की मजबूत मौजूदगी

■ लोकमत, जयपुर

भारत की पहली और एकमात्र जेनेरिक फार्मेसी रिटेल चेन दवा इंडिया (Zota Healthcare Ltd के अंतर्गत) ने राजस्थान में अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस पिंक सिटी प्रेस क्लब, जयपुर में आयोजित की। इस मौके पर कंपनी ने न सिर्फ राज्य में अपने रिटेल विस्तार की घोषणा की, बल्कि ई-कॉमर्स सेवाओं और लास्ट-माइल डिलीवरी नेटवर्क की शुरुआत भी की, जो देश में हेल्थकेयर की डिलीवरी प्रणाली को तेजी से बदल रहा है। इस रणनीतिक कदम का उद्देश्य उत्पादों तक आसान पहुँच सुनिश्चित करना, विकास के नए अवसर खोलना और ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करना है।

राजस्थान के 15 से अधिक शहरों में 70 से ज्यादा स्टोर संचालित कर रही दवा इंडिया अब राज्य के फार्मा रिटेल परिदृश्य में शीर्ष तीन कंपनियों में शामिल हो गई है। कंपनी का ओम्नीचैनल अप्रोच और मजबूत डिजिटल ढाँचा इसे सबसे अलग




बनाता है। वर्तमान में दवा इंडिया 15 से अधिक राज्यों, 50+ शहरों और 5,000 से अधिक पिन कोड्स में सेवाएँ दे रही है, साथ ही 60 मिनट में दवाइयाँ और वेलनेस प्रोडक्ट्स पहुँचाने की गारंटी देती है। जयपुर, कोटा और उदयपुर जैसे शहरों में लास्ट-माइल डिलीवरी से गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ और वेलनेस उत्पाद शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों के घरों तक एक घंटे में पहुँचाए जा रहे हैं। इससे देश में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और वहनीयता के बीच की खाई को कम करने में मदद मिली है।

इस अवसर पर ज़ोटा हेल्थकेयर लिमिटेड के ग्रुप-सीईओ डॉ. सुजीत पॉल ने कहा, 'जयपुर में हमारा पहला प्रेस कॉन्फ्रेंस एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। राजस्थान अपनी समृद्ध संस्कृति और जीवंतता के लिए जाना जाता है और यहाँ अपनी मौजूदगी दर्ज करना इस बात का प्रमाण है कि हम टेक्नोलॉजी के माध्यम से हेल्थकेयर डिलीवरी की खाई को पाटने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 42 कंपनी-स्वामित्व वाले आउटलेट्स, जल्द शुरू होने वाले नए स्टोर, एआई-समर्थित सप्लाई चेन सिस्टम और फार्मासिस्ट-ड्रिवन सर्विस के साथ हम सिर्फ विस्तार नहीं कर रहे हैं, बल्कि एक ऐसा डिजिटल-फर्स्ट इकोसिस्टम बना रहे हैं, जहाँ परिवारों को सस्ती, विश्वसनीय और भरोसेमंद स्वास्थ्य सेवाएँ उनके घर तक उपलब्ध हों।' कार्यक्रम में दवा इंडिया की संपूर्ण उत्पाद श्रृंखला को भी प्रदर्शित किया गया। इसमें उनकी जेनेरिक दवाएँ, ओटीसी प्रोडक्ट्स, न्यूट्रास्यूटिकल्स, आयुर्वेदिक उत्पाद, स्पोर्ट्स सप्लीमेंट्स, सर्जिकल उत्पाद, वेलनेस प्रोडक्ट्स और खादी इंडिया के विशेष उत्पाद शामिल रहे। कंपनी के मिशन के सामाजिक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला गया स्थानीय रोजगार सृजन, पिछड़े इलाकों में हेल्थकेयर की पहुँच बढ़ाना और स्वस्थ समुदायों का निर्माण करना। डॉ. सुजीत पॉल ने कहा, 'हेल्थकेयर को सरल, किफायती और भरोसेमंद होना चाहिए। जब हम अपनी भौतिक मौजूदगी को मजबूत डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ते हैं, तो यह सुनिश्चित करते हैं कि भारत का कोई भी परिवार समय पर, गुणवत्तापूर्ण और सस्ती स्वास्थ्य सेवाओं के बीच समझौता न करे।' जयपुर में हुए इस प्रेस कॉन्फ्रेंस ने स्पष्ट संदेश दिया कि दवाइंडिया का विजन 'हेल्थकेयर फॉर ऑल' है। कंपनी का मानना है कि भौतिक स्टोर्स के माध्यम से सफलता तभी स्थायी होगी जब ग्राहकों की अपेक्षाओं से आगे बढ़कर सेवा दी जाए। साथ ही, ई-कॉमर्स की स्केलेबिलिटी और हेल्थकेयर रिटेल में व्यापक उपस्थिति दवाइंडिया को भविष्य में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाती है।

**लॉर्ड्स क्लोरो अल्कली लिमिटेड**

सीआईएन नंबरः L24117RJ1979PLC002099

पंजी. कार्यालयः एसपी–460, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर–301 030 (राजस्थान)

कॉर्पोरेट कार्यालयः ए–281, पहली मंजिल, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली–110024

फोनः 91–11–40239034, वेबसाइटः www.lordschloro.com

ई–मेलः secretarial@lordschloro.com

**46वीं वार्षिक आम बैठक, रिमोट ई–वोटिंग और खाता बंदी जानकारी की सूचना**

**एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के सदस्यों की 46वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) सोमवार, 22 सितंबर, 2025 को प्रातः 11.30 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय एसपी–460, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर (राजस्थान) – 301030 पर एजीएम आयोजित करने के लिए 27 अगस्त, 2025 की सूचना में निर्दिष्ट व्यवसायों को संचालित करने के लिए आयोजित की जाएगी।**

एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्र के अनुसार, एजीएम आयोजित करने की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 28 अगस्त, 2025 तक सदस्यों को भेज दी गई है। एजीएम की सूचना, उपस्थिति पर्ची और प्रॉक्सी फॉर्म के साथ वार्षिक रिपोर्ट उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक मोड में भेज दी गई है जिनकी ई–मेल आईडी पहले से ही कंपनी, रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) या डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के साथ पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 36(1)(बी) के अनुरूप, कंपनी ने उन शेयरधारकों को एक पत्र भी भेजा है, जिनकी ईमेल आईडी कंपनी/आरटीए/डीपी के साथ पंजीकृत नहीं हैं, जिसमें कंपनी की वेबसाइट का वेब लिंक और वह पथ प्रदान किया गया है जिसके द्वारा वित्त वर्ष 2024–25 की वार्षिक रिपोर्ट देखी जा सकती है। सदस्यों को 46वीं एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता को एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्र के साथ समाप्त कर दिया गया है।

भौतिक रूप में वे शेयरधारक सदस्य, जिन्होंने कंपनी के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं और जो 46वीं एजीएम की सूचना और वर्ष 2024–25 की वार्षिक रिपोर्ट और ई–वोटिंग विवरण प्राप्त करना चाहते हैं, वे हमें secretarial@lordschloro.com पर अनुरोध भेज सकते हैं। इस प्रयोजन के लिए, वे हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन की हुई प्रति, जिसमें फोलियो संख्या, पूरा पता और पंजीकृत किए जाने वाले ईमेल पते का उल्लेख हो, पैन कार्ड की स्वः–सत्यापित प्रति और सदस्य के पंजीकृत पते का समर्थन करने वाला कोई भी दस्तावेज भेज सकते हैं। डीमैट रूप में शेयरधारक सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने ईमेल पते केवल अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास ही पंजीकृत करें।

एजीएम में किए जाने वाले सभी व्यावसायिक मदों से संबंधित दस्तावेज, एजीएम की तिथि तक किसी भी कार्य दिवस पर, कार्य समय के दौरान कंपनी के पंजीकृत/कॉर्पोरेट कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के सहपठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और समय–समय पर संशोधित सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुसार, कंपनी अपने सदस्यों को वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग की सुविधा प्रदान करने में अपार प्रसन्नता महसूस कर रही है और कथित व्यवसाय रिमोट ई–वोटिंग सेवाओं के माध्यम से किया जा सकता है। एजीएम स्थल के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करके सदस्यों द्वारा वोट डालने की सुविधा (रिमोट ई–वोटिंग) नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा प्रदान की जाएगी। कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत निर्मित नियमों के तहत आवश्यक विवरण नीचे दिए गए हैं:

क) एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट साधारण और विशेष व्यवसाय रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से किए जा सकते हैं।

ख) रिमोट ई–वोटिंग के प्रारम्भ की तिथि और समयः गुरुवार, 18 सितंबर, 2025 (प्रातः 09:00 बजे भारतीय समयानुसार)

ग) रिमोट ई–वोटिंग समापन की तिथि और समयः रविवार, 21 सितंबर, 2025 (सांयः 05:00 बजे भारतीय समयानुसार)

घ) ई–वोटिंग या एजीएम में बैलेट के माध्यम से वोटिंग की पात्रता निर्धारित करने की कट–ऑफ तिथि सोमवार, 15 सितंबर, 2025 है।

ङ) कोई भी व्यक्ति, जो नोटिस भेजने के बाद कंपनी के शेयर हासिल करता है और कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट–ऑफ तिथि यानी सोमवार, 15 सितंबर, 2025 को शेयर धारक बनता है, यदि उसके पास भौतिक रूप में शेयर रखे हैं, तो वह evoting@nsdl.co.in या secretarial@lordschloro.com पर अनुरोध भेजकर अनुक्रम संख्या प्राप्त कर सकता है और यदि शेयर डीमैट रूप में हैं, तो कृपया एजीएम की सूचना में दिए गए निर्देशों का संदर्भ लें।

च) एक बार सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर वोट डाल दिया जाता है, उसके बाद वह उसे बदल नहीं सकता।

छ) अधिनियम की आवश्यकता के अनुसार वक्तव्यः

क. रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति रविवार, 21 सितंबर, 2025 को सांयः 05.00 बजे के बाद नहीं दी जाएगी।

ख. एजीएम में बैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी और एजीएम में उपस्थित होने वाले जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से वोट नहीं डाला है, वे एजीएम में बैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग कर सकेंगे।

ग. जिन सदस्यों ने रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से वोटिंग कर दी है, वे भी एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं, लेकिन उन्हें दोबारा वोटिंग का अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

घ. वह व्यक्ति, जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में कट–ऑफ तिथि अर्थात सोमवार, 15 सितंबर, 2025 को दर्ज है, केवल उन्हें ही रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा के साथ–साथ एजीएम में वोटिंग का अधिकार प्राप्त होगा।

ज) एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट https://www.lordschloro.com/investors-information/, एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर उपलब्ध है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के निर्देशों के लिए, सदस्य एजीएम की सूचना में दिए गए निर्देशों को पढ़ सकते हैं और यदि ई–वोटिंग के संबंध में आपके कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप https://www.evoting.nsdl.com/ पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू") और ई–वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं।

झ) इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग की सुविधा से संबंधित सभी शिकायतें सुश्री पल्लवी म्हात्रे, वरिष्ठ प्रबंधक, एनएसडीएल, ट्रेड वर्ल्ड, ए विंग, चौथी मंजिल, कमला मिल्स कंपाउंड, लोअर परेल, मुंबई – 400013 को भेजी जा सकती हैं, या evoting@nsdl.co.in पर ईमेल भेज सकते हैं या 022–4886 7000 और 022–2499 7000 पर कॉल किया जा सकता है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के तहत यह भी सूचना दी जाती है कि सदस्यों का रजिस्टर और शेयर हस्तांतरण बहियां एजीएम के उद्देश्य हेतु मंगलवार, 16 सितंबर, 2025 से सोमवार, 22 सितंबर, 2025 तक (दोनों दिन सम्मिलित) बंद रहेंगी।

**कृते लॉर्ड्स क्लोरो अल्कली लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**पंकज मिश्रा**
**कंपनी सचिव**

**स्थानः नई दिल्ली**
**दिनांकः 28 अगस्त, 2025**

# जोन-13 में दस बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनी को किया ध्वस्त, चार बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

■ लोकमत, जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में ग्राम कोटड़ा, दौलतपुरा में जेडीए स्वामित्व की करीब 04 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। निजी खातेदारी करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी का पूर्णतः ध्वस्त किया गया।

उप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर श्री राहुल कोटोकी ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कोटड़ा, दौलतपुरा में जेडीए स्वामित्व की करीब 04 बीघा सरकारी भूमि के खसरा नं. 880 व 891 पर अतिक्रमण कर अवैध कॉलोनी बसाने के लिए बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़के व अन्य अवैध निर्माण/अतिक्रमणों को आज जोन-13 के राजस्व, तकनीकी स्टॉफ व पटवारी की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि को भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

उन्होंने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम चौमू, सीकर रोड़ बाईपास, हनुमान मंदिर रोड़, जिला जयपुर में करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़के व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-13 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 817 बीघा सरकारी भूमि व वर्ष 2025 में 500 बीघा आज तक कुल 1317 बीघा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है। व वर्ष 2025 में 270 आज तक कुल 653 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया।

उप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, जयपुर राहुल कोटोकी ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित षिकायतों के संबंध में वे स्वंय उपस्थित होकर; कन्ट्रोल रूम हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7; हेल्पलाईन 181 राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं जरिये मेल cce.jda@rajasthan.gov.in enforcement.jda@rajasthan.gov.in पर अवैध निर्माण/कब्जा/अतिक्रमण इत्यादि की शिकायत/परिवाद प्रस्तुत व सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देवें।